संख्या-05 /2023/277239/2023/001-71-4099-71-2021

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

कुलसचिव,
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश लखनऊ

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 20 फरवरी, 2023

विषय:- अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के भवन निर्माण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या-2880/लेखा/अ0बि0वा0चि0वि0/2023, दिनांक 19-01-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा ई0पी0सी0 मोड पर निर्माणाधीन अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के भवन निर्माण कार्य हेतु 75 प्रतिशत व्यय विवरण (उपयोगिता प्रमाण पत्र) उपलब्ध कराते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राविधानित बजट/धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त के परिप्रेक्ष्य में अवगत कराना है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के भवन निर्माण हेतु प्रथम चरण के निर्माण कार्यों की पुनरीक्षित प्रायोजना हेतु व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 28.12.2020 के क्रम में शासनादेश संख्या-04/2021/179/71-4-2021-जी0-137/2018 टी0सी0-6, दिनांक 02-02-2021 द्वारा रू0 20696.59 लाख (रूपये दो अरब छ: करोड़ छियान्नवे लाख उन्सठ हजार मात्र) की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 के भवन निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राविधानित धनराशि रू0 9000.00 लाख के सापेक्ष तृतीय किश्त के रूप में रू0 5300.00 लाख (रूपये तिरपन करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

1. शासनादेश संख्या-04/2021/179/71-4-2021-जी-137/2018 टी.सी.6, दिनांक 02.02.2021 में उल्लिखित नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।
2. शासनादेश संख्या-29/2021/I/203941/2021/71-4099/71/2021, दिनांक 05.10.2021 में उल्लिखित नियम व शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 53,00,00,000 (रुपये तिरपन करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 4210031057800 मा0 अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 13 / 2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
उप सचिव,

संख्या-05/2023/277239/2023 /001-71-4099-71-2021, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महानिदेशक, चिकित्सा, शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उ0प्र0।
2. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
4. प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, अटल बिहारी वापजेयी, चिकित्साउ विश्व0विद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
उप सचिव,

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।